वर्ष-3, अंक-20
इन्दौर, शुक्रवार
20 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना
RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।
-चाणक्य



प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### शाहजहांपुर में ट्रक और कार में भिड़ंत, पांच मरे

**शाहजहांपुर ।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के मदनापुर क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से कार सवार दो महिलाओं और दो बच्चे समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने बृहस्पतिवार को बताया कि शाहजहांपुर जिले के कांट थाना क्षेत्र निवासी कपड़ा कारोबारी रियाजुल अली बीती रात परिवार के साथ कार से दिल्ली जा रहे थे कि कांट से बरेली इटावा मार्ग पर बरखेड़ा जयपाल चौराहे पर सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।

### नाव डूबने से 20 प्रवासियों की मौत

**काहिरा(एजेंसी)।** उत्तरी अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया के तट पर एक नाव डूब जाने से उप-सहारा क्षेत्र के 20 प्रवासियों की मौत हो गई है। मोसाइक एफएम प्रसारक ने गुरुवार को बताया कि बुधवार देर रात ट्यूनीशियाई नौसेना ने समुद्र में डूबे यात्रियों के शवों को बाहर निकाला। ट्यूनीशियाई तटरक्षक बल ने नाव से पांच प्रवासियों को बचाया।

### फैड के फैसले के बाद शेयर बाजार टूटा

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी गिरावट पर बंद हुए। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फैड) के ब्याज दरों में कटौती को लेकर आये फैसले से आई है। जिससे बाजार में बिकवाली हावी रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 1.20 अंक तकरीबन 964.15 अंक नीचे आकर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.02 फीसदी करीब 247.15 अंक नीचे आकर 23,951.70 पर बंद हुआ।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी अगले आदेश तक पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मामले पर सुनवाई हुई। इस दौरान दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि राजधानी में पटाखों पर पूरे साल स्टॉक और बिक्री पर रोक लगा दी है।

# काबुल-कंधार हाईवे पर दो बड़े सड़क हादसों में करीब 52 लोगों की मौत

**काबुल ।** अफगानिस्तान के काबुल-कंधार हाईवे पर दो बड़े सड़क हादसों में करीब 52 लोगों की मौत हुई है, जबकि 65 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसे गजनी प्रांत के अलग-अलग इलाकों में हुए। अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है।

पहली दुर्घटना गजनी प्रांत के शाहबाज गांव के पास हुई। एक यात्री बस ईंधन से भरे टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 20 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो



गई, जबकि कई गंभीर रूप से झुलस गए। दूसरी घटना अंदार जिले में हुई, जहां एक बस एक बड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में भी कई लोगों की जान गई और दर्जनों घायल हो गए। हादसों के तुरंत बाद राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से कई की हालत गंभीर है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अफगानिस्तान में काबुल-कंधार हाईवे पर इस तरह के हादसे अक्सर होते हैं। खराब सड़कें, ट्रैफिक नियमों का पालन न करना और ओवरलोड वाहन इन दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण माने जाते हैं। खासकर, ईंधन से भरे टैंकरों की मौजूदगी हादसों की गंभीरता को और बढ़ा देती है।

## राहुल पर एफआईआर, धक्का-मुक्की मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

**नई दिल्ली।** संसद परिसर में गुरुवार सुबह हुए धक्का-मुक्की कांड को लेकर अब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर एफआईआर कराई गई है। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत के घायल होने को लेकर पुलिस ने राहुल पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर भाजपा पर आरोप लगाते हुए अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत की है। इससे सियासत गरमा गई है। संसद परिसर में सुबह हुए धक्का-मुकक्की कांड को लेकर ओडिशा के बालासोर से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिर गया। इस घटना में सारंगी के सिर में चोट लगने की बात कही गई है और उनके साथ ही फर्रुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत भी चोटिल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें धमकाने और संसद में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की और धक्का दिया। वहीं कांग्रेस नेताओं का दावा है कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी। मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेताओं ने भी भाजपा पर दुर्व्यवहार और धक्का-मुक्की का आरोप लगाया।

## इंदौर में कारोबारी शाहरा ब्रदर्स के घर ईडी की रेड

**इन्दौर।** इंदौर में लगातार चौथे दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई चल रही है। कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री के यहां बुधवार दोपहर तक कार्रवाई के बाद गुरुवार सुबह दिल्ली के ईडी अधिकारियों की टीम ने कारोबारी और रुचि सोया के पूर्व मालिक उमेश शाहरा के यहां छापामार कार्रवाई की। ईडी की 10 से ज्यादा अधिकारियों की टीम सुबह 6 से 7 बजे के बीच शाहरा के घर पहुंची। उमेश शाहरा पर 2021 में 58 करोड़ रुपए के लोन घोटाले को लेकर एफआईआर हुई थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के डीजीएम राजेश डी. शर्मा ने 29 मई, 2021 को मेसर्स रुचि ग्लोबल लिमिटेड और उसके कर्ताधर्ता उमेश शाहरा (ओल्ड पलासिया एबी रोड इंदौर), साकेत बड़ौदिया (मालीपुरा मैनरोड इंदौर) आशुतोष मिश्रा स्कीम-114 और अन्य के खिलाफ फर्जीवाड़े की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। शाहरा परिवार अभी कंस्ट्रक्शन और प्रॉपर्टी का काम कर रहा है। बता दें कि ईडी की टीम सोमवार से इंदौर में अलग-अलग ठिकानों पर सर्चिंग कर रही है। दिल्ली ईडी की टीम ने इंदौर के कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री और उनके करीबियों के यहां पर सोमवार से कार्रवाई शुरू की थी। जिसके बाद गुरुवार को ईडी ने उमेश शाहरा के यहां पर सर्चिंग की है। बताया जा रहा है कि शाहरा के परिवार में शादी है। जिसके कार्यक्रम 21 दिसंबर से होंगे। परिवार शादी की तैयारियों में लगा हुआ है। इसी बीच टीम ने सर्चिंग शुरू की है। ईओडब्ल्यू ने रुचि सोया इंडस्ट्रीज के मालिक कैलाश शाहरा, एक अन्य डायरेक्टर, वाणिज्यिक कर के तत्कालीन सहायक आयुक्त और महाराष्ट्र के चार दलालों के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने का केस दर्ज किया है। आरोपियों ने फर्जी सी फॉर्म तैयार कर उनके जरिए शासन को करीब 1 करोड़ के राजस्व का नुकसान पहुंचाया।

# छात्र शक्ति में ही राष्ट्र भक्ति समाहित : मुख्यमंत्री

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छात्र शक्ति में ही राष्ट्र भक्ति समाहित होती है। विद्यार्थी अपने जीवन में शिक्षा और व्यावहारिक ज्ञान के साथ निरंतर आगे बढ़े और चिंतन-मनन के साथ अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर हों।




यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को तात्या टोपे नगर गुना में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत के 57वां प्रांतीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यनमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुना में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर अद्भुत आनंद की अनुभूति हुई है। विद्यार्थी जीवन भविष्य को तय करता है। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान से परिपूर्ण होना चाहिए। हम सभी को राष्ट्र वादी विचारधारा के साथ समाज को एक नयी दिशा प्रदान करने का दायित्व निभाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि भगवान श्रीकृष्ण को आदर्श मानकर उनके बताये मार्ग पर आगे बढे और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। विद्यार्थियों की शक्ति से ही भारत में लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई है। मताधिकार 18 वर्ष के युवाओं को प्राप्त हुआ है। शिक्षा व्यवस्था के व्यापारीकरण को समाप्त किया गया। साथ ही शिक्षा में सुधार के लिये आवश्यकतानुसार बदलाव किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हमारे प्राचीन आदर्शों को सहेजने तथा संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के सराहनीय प्रयास किये गये है।

## संपादकीय

# नशे की लत में युवा

एक संवेदनशील समाज अपने बीच पल रही नकारात्मक प्रवृत्तियों की पहचान करता और उसे नजरअंदाज करने के बजाय दूर करने के लिए उचित रास्ते अपनाता है। विडंबना है कि हमारे आसपास कई ऐसी स्थितियां होती हैं, जिन्हें लेकर समाज आमतौर पर उपेक्षा और कई बार उसे खारिज करने का रवैया अख्तियार कर लेता है। नतीजतन वह समस्या और जटिल होती जाती है। समूचे देश के युवाओं के बीच मादक पदार्थों की बढ़ती लत या नशे की आदत एक ऐसी समस्या है, जिससे निपटने में समाज से लेकर सरकार तक ने एक तरह की उदासीनता ही दर्शायी है। ल्कि आमतौर पर मादक पदार्थों के लती युवाओं में सुधार या नशे से मुक्ति की गुंजाइश पैदा करने के बजाय उन्हें सबके लिए खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखा जाता है। जबकि यह हमेशा साबित हुआ है कि इस तरह की नकारात्मक सामाजिक प्रतिक्रिया की वजह से जो युवा मादक पदार्थों के दलदल से बाहर आ सकते थे, वे भी अपनी उपेक्षा और खुद को अपमानित किए जाने की वजह से उस संजाल में और ज्यादा उलझते चले जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ लड़ाई से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर रोशनी डाली और इससे प्रभावित युवाओं का 'दानवीकरण' करने के बजाय उनके पुनर्वास पर जोर दिया। यह छिपा तथ्य नहीं है कि समाज में एक बड़ा तबका किसी न किसी तरह के मादक पदार्थ का सेवन करता है, मगर इसके समांतर ऐसे लोगों के प्रति एक नकारात्मक भाव भी होता है।

# पैसे से सत्ता आती है या सत्ता है तो पैसा स्वतः खींचा चला आता है ?

आज का सबसे बड़ा सवाल ~ पैसे से सत्ता आती है अथवा सत्ता है तो पैसा स्वत~ खींचा चला आता है ? मैं पूरी गारंटी के साथ बोल सकता हूं कि इस जटिलतम प्रश्न का उत्तर धर्मराज युधिष्ठिर के पास भी नहीं होगा ? यकीन ना हो तो आप उनसे पूछकर देख लीजिए, वो क्लीन बोल्ड ना हो जाएं तो कहना । काहें कि इन दोनों बातों में ऐसा चोली-दामन का साथ है कि इनको अलग-अलग मूल्यांकन करना वैसा ही असंभव है जैसा रावण के दरबार में अंगद के पैर का टस से मस नहीं होना ।।

आप सोचिए न भाई कि जिस देश की जनता भूखमरी के सूचकांक में नीचे से टॉप की श्रेणी में हो । आजादी के पचहत्तर साल बाद भी आमजनता को जिंदगी के बुनियादी तत्वों के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ रहा हो । जहॉं अस्सी प्रतिशत आबादी को मुफ्त में पाँच किलो अनाज इसलिए दिया जा रहा हो ताकि उनका किसी तरह गुजर-बसर हो सके । इस से तो इंकार कोई नहीं कर सकता ना कि देश की कुल आबादी के महज 5 प्रतिशत लोगों की इनकम शेष 95 प्रतिशत आबादी की इनकम के बराबर है । वही लोग विशेष अमीरी के कीर्तिमान साल दर साल ध्वस्त करते जा रहे हैं । दूसरी तरफ देश में भुखमरी और रोजगार ना होने की दशा में आत्महत्या का ग्राफ महीने दर महीने बढ़ता जा रहा है सुरसा की मुंह की तरह । जिन सत्ताधीशों / पूंजीपतियों की अमीरी देखकर कुबेर भी शरमा जाए वहॉं आप अब भी लोकतंत्र की बात करते हो, निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार की बात करते हो, संविधान की बात करते हो । अरे भाई पहले सबको भरपेट भोजन, तन ढ़ंकने के लिए कपड़ा, बच्चों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य तो मुहैया करवा दो, एक बराबरी का ग्राउंड तो दो फिर सत्ता और सिंहासन के खेल की बात करना ।

दिन प्रतिदिन गरीब और गरीब होते जा रहे हैं । है किसी को उनकी फिकर ? नहीं ना ? क्योंकि वह सिर्फ वोटबैंक है । वो झंडा उठाने, जयकारा लगाने और दरी बिछाने के काम आयेंगे इस से ज्यादा कुछ नहीं । पैसा, पैसे को आकर्षित करता है सर जी इसलिए अमीर और अमीर होते जा रहे हैं । इसके साथ ही अपनी अमीरी के ताज को बचाकर रखने के लिए सत्ता का कवच-कुंडल धारण करना उनके लिए बेहद जरूरी हो जाता है । इसलिए फेविकोल की तरह बड़ी ही मजबूती से सत्तारूढ़ों से चिपके रहते हैं । इसमें दोनों का ही फायदा अंतर्निहित होता है ।

यही कारण है कि राजनेताओं और बड़े-बड़े पूंजीपतियों में जीजा- साला सा मधुर संबंध स्थापित हो जाता है । दोनों एक दूसरे के पूरक और सहायक की तरह तंत्र को अपनी मनमर्जी से चलाने लगते हैं और लोक को कोल्हू के बैल की तरह हांकने लगते हैं । एक अमनपसंद साधारण मध्यमवर्गीय मनुष्य अपने एरिया में वार्ड का चुनाव भी नहीं जीत सकता क्योंकि चुनाव लड़ना मतलब पैसे की नदी बहाना । अब जब पैसा निवेश किया गया है तो वसूली भी उसी हिसाब से होगी ही ना ? इसलिए जिनके पास सत्ता है उनके पास अकूत धन रूपी कुंजी भी है और जिनके पास अकूत धन है उनके ही माथे पर सत्ता का तिलक होता है ।

वैसे तो कहा यह जाता है कि सत्ता की साझेदारी ही लोकतंत्र का मूलमंत्र है मगर ईमानदार और स्वस्थ छवि धरातल पर सरस्वती नदी की तरह बिल्कुल लुप्तप्राय है । इसलिए सब गोलमाल है ।

पहले ऐन-केन-प्रकारेण अकूत धन कमाए जाते हैं फिर उसकी ईंटों से सत्ता का शीश महल बनाया जाता है । फिर अपने आप ही उनके बगीचे के फव्वारे से धन की बरसात पुरजोर तरीके से होने लगती है । इसलिए पूछता है भारत 9 सत्ता से पैसा है अथवा पैसे से सत्ता है ? सबकुछ आपके सम्मुख है । खुद ही अवलोकन कीजिए।

**मनीष सिंह 'वंदन**
**आई टाइप आदित्यपुर**
**जमशेदपुर झारखंड**
**75490-11112**

## गुमशुदा



दूर दराज़ गाँव से , हाँ एक ऐसे गाँव से जहाँ आज भी बिजली नहीं ,टेलीविज़न नहीं , रेडियो नहीं , अख़बार नहीं और फोन भी नहीं, जब तीन दिन रेल से सफ़र कर राम गोपाल दिल्ली स्टेशन पर ट्रेन से उतरे तो उनका बेटा निखिल प्लेटफार्म पर उनकी प्रतीक्षा कर रहा था। दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर भीड़ भाड़ देख कर राम गोपाल कुछ पलों को नर्वस हो गए लेकिन निखिल ने मजबूती से उनका हाथ पकड़ा और तीर की तरह स्टेशन से बाहर आ गए। निखिल ने एक ऑटो किया और अपने पिता के साथ घर के लिए रवाना हो गया। दिल्ली की सड़कों पर ऑटो दौड़ रहा था। राम गोपाल हैरानी से भागती दुनिया को देख रहे थे। तभी उनकी निगाह बस स्टैंड पर पड़ी , जहाँ देश के प्रधानमंत्री की फोटो का विज्ञापन चमक रहा था। हर आधे फर्लांग पर वही चेहरा - भारत का प्रधानमंत्री। राम गोपाल ने बड़ी सादगी से अपने बेटे से पूछा , बेटा ये व्यक्ति कौन है जिसकी तस्वीरों से सड़कें भरी हुई है ? निखिल ने उतनी ही सादगी से जवाब दिया , बाऊजी , ये एक गुमशुदा अमीर बुजुर्ग की तस्वीर है जिसे देश का बच्चा बच्चा ढूँढ़ने में लगा है। निखिल का जवाब सुन कर राम गोपाल को कुछ हैरानी हुई और वह होंठों ही होंठों में बुदबुदा उठा - अफ़सोस , लोग इस उम्र में भी खो जाते हैं ।

**इन्दुकांत आंगिरस**

## लघुकथा/कविता

# एक अनमोल रिश्ता

## कहानी

काम की सख्त जरूरत थी,इसलिए वह उस कोठी पर पहुंच गई,जिसका पता विज्ञापन में दिया गया था। कोठी के गेट पर बने केबिन में बैठे गार्ड ने रानी को रोका और कहा,तुम्हारे आने की खबर मैं अभी मेमसाहब को दे आता हूं। जब वह बुलाएंगी, तब तुम अंदर चली जाना। रानी केबिन में रखे स्टूल पर बैठ गई। गार्ड कोठी के अंदर चला गया। रानी को बच्चों की देखभाल का कोई खास अनुभव नहीं था। यहां तक कि घर में उसके भाई का छोटा बेटा भी होता तो वह उससे दूरी बनाए रखती थी। कुछ देर बाद,कोठी से एक दूसरा गार्ड आया और उसने रानी को मेमसाहब के कमरे तक पहुंचा दिया।

कमरे में दाखिल होते ही रानी ने देखा कि वहां बैठी महिला मधु ने उसे मुस्कुराकर देखा। हालांकि, मधु को देखकर साफ लग रहा था कि वह बीमार है। उसका दुबला-पतला शरीर,चेहरे की पीली रंगत, अंदर धंसी आंखें और पास की टेबल पर रखी दवाएं उसकी हालत बयां कर रही थीं। बैठो,मधु ने धीमे स्वर में कहा। रानी ने डरते-डरते कुर्सी खींची और बैठ गई। मधु ने पूछा,तुम्हारा नाम क्या है ?

एक सुबह, जब रानी ने अंशु को नाश्ता कराया और खेलने के लिए ले जा रही थी,तभी उसने देखा कि मधु कमरे में अचेत पड़ी है। उसने तुरंत डॉक्टर को बुलाया,लेकिन डॉक्टर ने बताया कि मधु का निधन हो गया है। अंशु को यह समझाने में रानी को बहुत समय लगा कि उसकी माँ अब नहीं रही। मधु के परिवार का कोई सदस्य नहीं था। रानी ने तय किया कि वह अंशु की देखभाल करेगी। उसने खुद को पूरी तरह अंशु की जिंदगी में झोंक दिया। वह नौकरी करती और साथ ही अंशु को भी संभालती।

कई साल गुजर गए। अंशु बड़ी हो गई और उसने पढ़ाई पूरी कर ली। एक दिन उसने रानी से कहा, माँ,अगर आप नहीं होतीं,तो मेरा क्या होता ? रानी की आंखों में आंसू थे। उसने अंशु को अपने गले लगाते हुए कहा,तुम्हारी माँ ने मुझे तुम्हारे लिए चुना था। मैंने सिर्फ उनका वादा निभाया है। उस दिन रानी को एहसास हुआ कि उसने जो भी किया,वह केवल एक नौकरी नहीं थी, बल्कि एक अनमोल रिश्ता निभाया था।

**प्रेमनारायण वेद**
**इंदौर**

## व्यापार....व्यापार...व्यापार....व्यापार...व्यापार....व्यापार...व्यापार....व्यापार...व्यापार....व्यापार...

# फैड के फैसले के बाद शेयर बाजार टूटा

## सेंसेक्स 964 , निफ्टी 247 अंक गिरा

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी गिरावट पर बंद हुए। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फैड) के ब्याज दरों में कटौती को लेकर आये फैसले से आई है। जिससे बाजार में बिकवाली हावी रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 1.20 अंक तकरीबन 964.15 अंक नीचे आकर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.02 फीसदी करीब 247.15 अंक नीचे आकर 23,951.70 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने लगातार तीसरी बार ब्याज दर में 25 बेसिस अकों) की कटौती की है। अब ब्याज दर 4.25 फीसदी से 4.5 फीसदी के बीच है। फेड ने हालांकि संकेत दिया है कि आगे ब्याज दरों में कटौती धीमी हो सकती है, जिससे निवेशक सतर्क हो गए हैं। फेड की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में केवल दो और बार कटौती की संभावना है, जबकि सितंबर में चार कटौती की




उम्मीद जताई गई। एशिया-पैसिफिक के शेयर बाजार में भी गुरुवार को गिरावट दर्ज की गयी। यह गिरावट वॉल स्ट्रीट पर भारी बिकवाली के बाद आई। इस बीच, जापान मुख्य केन्द्र रहा, जहां बैंक ऑफ जापान ने अपनी दो-दिवसीय पॉलिसी बैठक समाप्त खत्म की और ब्याज दर 0.25 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया। फेड के ब्याज दरों में कटौती के फैसले के बाद भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई है। फेडरल रिजर्व ने 2024 में तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती की है। फेडरल रिजर्व की कटौती के इस फैसले से वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता की लहर पैदा कर दी है। इससे डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है। जिससे भी निवेशक बाजार से दूर हुए हैं। दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

विदेशी निवेशकों के घरेलू शेयर बाजारों से पैसा निकालने की वजह से भी स्टॉक मार्केट में गिरावट आई है। इससे पहले आज सुबह बाजार में भारी गिरावट रही। इसी कारण सेंसेक्स करीब 1,000 अंक की गिरावट के साथ खुला। इस दौरान सभी क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गयी। सुबह सेंसेक्स 921.28 अंक करीब 1.15 फीसदी गिरावट के साथ 79,260.92 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 282.35 अंक तकरीबन 1.17 फीसदी नीचे आकर 23,916.50 अंक पर खुला। इस गिरावट के बीच ही बीएसई सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकर 5.94 लाख करोड़ रुपये से घटकर 446.66 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई और एचसीएल टेक के शेयर नीचे आये इसके अलावा एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही। अमेरिका में रेट से जुड़ी आईटी कंपनियों के शेयर 5 फीसदी नीचे आये। एलटीआईमाइंडट्री, एमफेसिस और विप्रो के शेयरों में भी भारी गिरावट रही।





# इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई

## अनुमानित 500 से 600 करोड़ रूपये मूल्य की बेशकीमती शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर जिले में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी तारतम्य में आज जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए अनुमानित 500 से 600 करोड़ रूपये मूल्य की बेशकीमती शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई। एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि आज ग्राम लसूडियामोरी की भूमि सर्वे नम्बर 230, 265 रकबा 12.371 है. भूमि जिसकी कीमत लगभग 500 से 600 करोड़ रूपये है अतिक्रमण मुक्त कराई गई। मंदिर की शासकीय भूमि को अतिक्रमणकर्ता राम प्रसाद, मेहरवान सिंह, नारायण सिंह से कब्जा प्राप्त करने में अनुविभागीय या दण्डाधिकारी श्री धनगर के मार्गदर्शन में अपर तहसीलदार श्री कमलेश कुशवाह, नायब तहसीलदार श्री शिवशंकर जारोलिया व राजस्व निरीक्षक सर्वश्री जयनारायण गुप्ता, मनीष चतुर्वेदी,



मनोज, शुक्ला,अन्य पटवारी एवं पुलिस प्रशासन और नगर निगम का बल उपस्थित हुआ। श्री मुरली मनोहर मंदिर प्रबंधक कलेक्टर इन्दौर की भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। उक्त भूमि के संबंध में व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खण्ड इन्दौर के सिविल वाद क्रमांक 5000037ए/2002 आदेश दिनांक 31/01/2024 को व्यवहार न्यायालय के द्वारा अतिक्रमणकर्ताओं का प्रस्तुतवाद खारिज करते हुए श्री मुरली मनोहर मंदिर की भूमि स्वीकार की है। जिसके परिपालन में न्यायालय अपर तहसीलदार जूनी इन्दौर द्वारा मई माह में अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था एवं उक्त भूमि खाली करने हेतू आदेशित किया गया था। लेकिन अतिक्रमणकर्ताओ के द्वारा ना ही कोई जवाब दिया गया और ना ही अतिक्रमण हटाया गया। लेकिन उनके द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया बल्कि शासन को गुमराह करने के लिए आनन-फानन में गेहूं की फसल बो दी गई। आज उक्त अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन मे प्रिन्सेंस इस्टेट कालोनी के 12 भूखण्ड धारकों के भूखण्डो को लगभग 40.000 वर्गफीट भूमि डेनमार्क कॉलोनी के अन्तर्गत 0.280 हेक्टेयर एवं यशवंत सिंह से 10,000 वर्ग फीट भूमि खाली कराकर प्रिंसेस स्टेट के भू-खण्ड धारकों को कब्जा सौंपा गया।





# तेजज्ञान फाउंडेशन के 25 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर रजत जयंती ध्यान महोत्सव मे हुआ मेडिटेशन का आयोजन

**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर प्रेस क्लब में तेजज्ञान फाउंडेशन के सफलतापूर्वक 25 साल की यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कई लाभार्थियों ने ध्यान महोत्सव मे मेडिटेशन का लाभ लिया. तेजज्ञान फाउंडेशन एक चैरिटेबल संस्था है, जिसे ढ्ढस्ह्र 9001~2005 से प्रमाणित किया गया है जो विश्व में पहली ऐसी अध्यात्मिक संस्था है. संस्था का लक्ष्य उच्चतम विकसित समाज का निर्माण करना है जो तेजज्ञान फाउंडेशन के संस्थापक तेजगुरु सरश्री जी की शिक्षाओं पर आधारित है. इस रजत जयंती ध्यान महोत्सव में प्रमुख अतिथियो के रूप में सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट, धीरज प्रसाद सोनी, प्रसिद्ध चित्रकार शुभा वैद्य एवं प्रेस्टीज





इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ निदेशक डॉ.मनोज कुमार देशपांडे उपस्थित रहे जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की. वहीं तेजज्ञान फाउंडेशन की तरफ से पुणे से पधारे महेश जाधव ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई. कार्यक्रम के मुख्य भाग में तेजगुरु सरश्री जी का ध्यान पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एक वीडियो के माध्यम से प्रसारित गया, जिसमें लगभग 100 लाभार्थियों ने ध्यान की एक नई समझ को प्राप्त किया तो वही प्रमुख अतिथि धीरज प्रसाद सोनी ने अपने वक्तव्य मे युवाओं मे वैचारिक क्रांति से देश उत्थान पर कार्य करना बताया तो वही दूसरे अतिथि डॉ मनोज कुमार देशपांडे ने मनुष्य का ध्येय मोक्ष हो जिसे ध्यान के माध्यम से उस दिशा मे पहुंचा जा सकता है एक अन्य अतिथि चित्रकार शुभा वैद्य ने अपनी कला को ध्यान से जोड़कर अपने कार्य को पूजा बनाकर करने को कहा. कार्यक्रम के मध्य मे तेजज्ञान फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व कर रहे महेश जाधव ने रोजमर्रा मे दिनभर के कार्य मे एक छोटा अंतराल लेने को कहां जिसमे मनन कर पाए कि वह जो कार्य कर रहा है क्यों कर रहा हैं साथ हीं लोगों को अपने दिन भर में कम से कम 7 मिनट ध्यान करने पर जोर दिया. इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे नरेंद्र वर्मा ने तेजज्ञान फाउंडेशन की इंदौर इकाई के सभी तेजसेवकों, अतिथियो एवं कार्यक्रम में पधारे महानुभावों को कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद प्रेषित किया.



# आज उमरीया सोलक पार्क से आगर व नीमच जिले की 880 मेगावॉट सौर परियोजना का लोकार्पण करेंगे सीएम

## कलेक्टर व एसपी ने सोलर पार्क में तैयारियां की पूरी, सभास्थल पर ही बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**सुसनेर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज शुक्रवार की दोपहर में सुसनेर के समीप उमरिया सोलर पार्क में 880 मेगावॉट आगर एवं नीमच जिले की सौर परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इसको लेकर गुरुवार को जिले का पूरा महकमा पालडा के समीप सभास्थल पर तैयारियों में लगा रहा। हेलीपैड से लेकर सभास्थल पर विद्युत, पेयजल, वीआईपी व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओ के साथ ही सीएम का स्वागत आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह व एसपी विनोद कुमार सिंह ने सभा स्थल पर ही जिले के तमात शासकीय विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक जिम्मेदारीया सोपी। अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने सभी अधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों व अधिकारीयों की जहा-जहां पर भी ड्यूटी लगाई गई उनसे अवगत कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कोर, डिप्टी कलेक्टर मिलिंद ढोके, एसडीएम सर्वेश यादव, तहसीलदार विजय सेनानी, नायब तहसीलदार रामेश्वर दांगी व विभिन्न शासकीय विभागो के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अपना वादा पूरा करने आज आएंगे सीएम

आपको बता दे कि 10 दिसम्बर को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आगर जिला मुख्यालय पर भाजपा कार्यालय के भूमिपूजन व हम होंगे कामयाब पखवाड़े के समापन समारोह में शामिल होने के लिये आये थे लेकिन वे भोपाल में मंत्री केबिनेट की बैठक होने के कारण हेलीपैड से ही चले गए थे इस दौरान सीएम ने जिलेवासियों को जल्द ही आगर जिले में आने का आश्वासन दिया था उसके बाद सीएम आज शुक्रवार को आगर जिले के सुसनेर में उमरिया से लेकर पालड़ा तक 8 किलोमीटर के क्षेत्रफल में बने 350 मेगावॉट के सोलर पार्क में एक साथ आगर व नीमच जिले की 880 मेगावाट की सौर परियोजना का लोकार्पण करेंगे।

### डोंगरगांव की गोशाला में

आज सुसनेर दौरे के दोरान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सुसनेर विधानसभा के डोंगरगांव में बनी संत कमल किशोर नागर गोशाला भी पहुंचेंगे। इसके लिए डोंगरगांव में भी प्रशासन के द्वारा हेलीपेड बनाया गया है। गोशालाप पहुंचकर सीएम गोपूजन करेंगे उसके बाद वे उडनखटोले के जरीए वे सुसनेर के लिए रवाना होंगे। इसकी तैयारीयों को लेकर भी गुरूवार को जिला कलेक्टर व एसपी ने गोशाला पहुंचकर के निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया है।

# फसल बीमा क्लेम और कॉलेज के उन्नयन को लेकर विधायक बापू ने विधानसभा में उठाए सवाल

**सुसनेर।** सुसनेर विधानसभा 165 से कांग्रेस के विधायक भैरोसिंह परिहार बापू ने विधानसभा सत्र के दोरान फसल बीमार योजना में क्लेम राशि एवं सुसनेर के स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय को उन्नयन को लेकर प्रश्न उठाए है।

उन्होने विधानसभा में लगाए गए सवाल में कहां की किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री यह बताने की कृपा करे की प्रदेश में किसानों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, खाद बीज ऋण आदि लेते समय ही किसानों की फसलों का बीमा, संबंधित ऋणदाता संस्थाओं द्वारा करा दिया जाता है यदि हाँ तो जिला आगर-मालवा में कितनी राशि फसल बीमा योजनान्तर्गत वर्ष 2020 से प्रश्न दिनांक तक किन-किन बीमा कंपनियों को कितनी राशि प्रीमियम की जमा करवाई गई? संस्था/बैंकवार जानकारी देवें? (ख) प्रश्नांश (क) अनुसार वर्ष 2020 से 2024 तक खरीफ फसल आगर-मालवा जिले में किसानों की फसल के लिये किए गये बीमा के पश्चात प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई, फसलों के विरूद्ध कितनी बीमा क्लेम राशि किसानों को प्रदाय की गई? पटवारी हल्कावार हितग्राहियों की संख्या एवं राशि के विवरण सहित जानकारी देवें। यदि नहीं तो कब तक भुगतान करा दिया जावेगा? (ग) 2024 खरीफ फसल सोयाबीन व अन्य प्राकृतिक आपदा में नष्ट हुई फसलों का सर्वे सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में किन किन अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा कहाँ कहाँ किया गया तहसील/पटवारी हल्कावार रिपोर्ट देवें। उन्होने अपने सवाल में इन्दर सिंह उच्च शिक्षा परमार मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुएं कहां की प्रदान करने की कृपा करेंगे। मेरे विधानसभा क्षेत्र सुसनेर जिला आगर-मालवा में 1984 में



सुसनेर में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना हुई थी इसके पश्चात 40 वर्ष बाद भी महाविद्यालय का उन्नयन नहीं हुआ जिसके कारण स्नात्कोत्तर की पढाई हेतु युवाओं को सुसनेर से दुर जाना पडता है जिससे उनका समय एंव धन खर्च होता है यदि सुसनेर महाविदयालय का उन्नयन होता है तो क्षेत्र के छात्र छात्राओं का समय एंव धन बचेगा। में उच्च शिक्षा मंत्री जी से निवेदन करता है कि सुसनेर महाविदयालय का उन्नयन कर सर्व संसाधन युक्त महाविद्यालय बनाने का कष्ट करे जिससे कि छात्रों को सुविधा मिल सकें। उन्होने कहां की विधान सभा क्षेत्र सुसनेर अंतर्गत तहसील आगर-मालवा में 779 कृषकों के खेतो का, तहसील बाड़ौद अंतर्गत 513 कृषकों के खेतों का, तहसील नलखेड़ा अंतर्गत 248 कृषकों के खेतों का एवं तहसील सुसनेर अंतर्गत 453 कृषकों के खेतों का सर्वे किया जा चुका है तथा क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान प्रावधानित है। आर.बी.सी.-6-4 अंतर्गत सर्वे एवं मुआवजा की जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### महाविद्यालय में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का हुआ आयोजन

सुसनेर। विकास जनकल्याण और सुराज की प्रतिबद्धता के क्रियान्वन हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिनांक 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान आयोजित किया जा रहा है जिसके तारतम्मय में गुरूवार को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.जी.सी. गुप्ता की अध्यक्षता में निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के पूजन के साथ आरंभ हुआ। परिवहन कार्यालय से बृजेंद्र जोशी एवं गोवर्धनलाल सूर्यवंशी द्वारा निःशुल्क लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए। महाविद्यालय के लगभग 47 विद्यार्थियों द्वारा वाहन पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस बनवाये गये। इस दौरान छात्राओं को यातायात के नियमों की भी जानकारी दी गई । इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित, एन.एस.एस. के स्वयं सेवक ,समस्त शैक्षणिक स्टॉफ और कार्यालयीन स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजकमल नर्गेश ने दी।

# सराफा व्यापारी का सोना लेकर फ़रार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

## 77 ग्राम 320 मिलीग्राम सोना (कीमती लगभग 5 लाख 77 हजार रुपए) बरामद

**रतलाम।**

सराफा व्यापारी का सोना लेकर भागने वाले कारीगर को पुलिस ने पकडने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी से चोरी का 77 ग्राम से अधिक सोना भी बरामद कर लिया गया है।



13 दिसंबर को गणेश सोनी पिता गिरीराज सोनी निवासी भगतपुरी रतलाम ने थाना आकर रिपोर्ट किया की मेरी दुकान सोने के जवेर बनाने वाला कारीगर कृष्णकांत पिता प्रेमकुमार धनगर निवासी ग्राम रेपुरा जिला फिरोजाबाद उतरप्रदेश का 16 नवंबर को मेरे द्वारा रंजन कर की दुकान पर देने हेतु दी गयी एक सोने की चेन रोल लेकर भाग गया है। फ़रीयादी की रिपोर्ट पर थाना माणक चौक रतलाम के अपराध क्रमांक 669/24 धारा 316 (2)भा.न्या.सं. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस कार्यवाही का विवरण- घटना की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा फ़रार आरोपी की गिरफ्तारी व सोना बारामद करने के लिये टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी कृष्णकांत उर्फ शशीकांत पिता प्रेम कुमार जाती धनगर निवासी ग्राम रेपुरा तह. व जिला फिरोजाबाद उतरप्रदेश को सायबर सेल की मदद ग्राम रेपुरा पकडा गया। जिसे पुछताछ हेतु थाने लेकर आये थाने पर पुछताछ के दौरान आरोपी को अपराध में गिरफ्तार किया गया एवं मेमो लिया गया। आरोपी द्वारा बताया की मैने सोने की चेन रोल को रंजन कर की दुकान वाली बिल्डींग के तल घर में धनजी भाई के नौहरे रतलाम में ही पत्थरों की आड़ में चुपा कर रखना बताया। आरोपी के बताए अनुसार उसके पास से एक सोने की चेन रोल वजन 77 ग्राम 320 मिली ग्राम कीमती 5 लाख 77 हजार रूपये की जप्त की गयी है।

गिरफ्तार आरोपी : कृष्णकांत उर्फ शशीकांत पिता प्रेम कुमार जाती धनगर निवासी ग्राम रेपुरा तह. व जिला फिरोजाबाद उतरप्रदेश

सराहनीय भूमिका : कार्य.निरीक्षक सुरेन्द्रसिंह गाडरीया (थाना प्रभारी माणक चौक रतलाम), उनि प्रवीण वास्कले उनि राजा तिवारी (सायबर सेल प्रभारी), कार्य.स.उनि. बसील गणावा, कार्य.प्रआर 247 अमित त्यागी, कार्य.प्र.आर.665 सुधीर राठौर, कार्य.प्रआर 416 दिलीपसिह रावत, आर 532 संजय सोनावा, आर.68 चन्दर मार्को चीता पार्टी आर.मुकेश गणावा, आर संजय राठौर, आर रणवीरसिह भदोरिया, सीसीटीनएन आर. महेन्द्रसिंह आर. विरेन्द्र थाना माणक चौक रतलाम एवं सायबर सेल से प्र.आर हिम्मत सिंह ,आर.विपुल भावसार,आर. मयंक व्यास, आर राहुल सायबर सेल रतलाम की सराहनीय भूमिका रही।

## लोक निर्माण विभाग ने एक वर्ष में 200 करोड रुपए से अधिक लागत लागत की 164 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण पूर्ण किया

**रतलाम।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में रतलाम जिले में लोक निर्माण विभाग ने विगत एक वर्ष की अवधि में 200 करोड 31 लाख रुपए की लागत से 164 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण पूर्ण किया है इसमें रतलाम शहर का रिंग रोड सम्मिलित है।

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह ने बताया कि विगत 1 वर्ष के दौरान रतलाम रिंग रोड बंजली से मांगरोल फंटा तक निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। रिंग रोड के निर्माण पर 48 करोड़ 49 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र की अन्य सड़कों में 15.15 करोड रुपए लागत से नामली से नौगांवकला-खोखरा-बोदीना मार्ग, 5.35 करोड रुपए लागत से सीमलावदा से कवलका माता मंदिर पहुंच मार्ग, 3.12 करोड रुपए लागत से सरवनी जागीर से भाटी बडोदिया मार्ग, 6.85 करोड रुपए लागत से रोजडका से सेवरिया मार्ग, 7.29 करोड रुपए लागत से ढिकवा से सिनोद होते हुए नौगांव फंटा-खाचरोद रोड तक, 2.59 करोड रुपए लागत से ग्राम उमरथाना से बीड़ होते हुए धोलका तक, 0.58 करोड रुपए लागत से धोलका रोड फांटा से बावड़ी खड़ा मार्ग निर्माण पूर्ण किया गया है।

इसी प्रकार जिले के जावरा क्षेत्र में 21.94 करोड रुपए लागत से गुणावद- बरबोदना भूतेड़ा मार्ग, 4.15 करोड रुपए लागत से मोहनगढ़-ऊपरवाड़ा-जावरा-पिपलोदा पहुंच मार्ग, 3.80 करोड रुपए लागत से नानदलेटा से पिपलोदा मार्ग, 0.99 करोड रुपए लागत से गोंदीधर्मसी से मिंडाजी पहुंच मार्ग, 0.55 करोड रुपए लागत से आक्यादेह से मामटखेड़ा पहुंच मार्ग का निर्माण पूर्ण किया गया है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले के सैलाना क्षेत्र में 7 सड़कों का निर्माण पूर्ण किया गया है इनमें 67.12 करोड रुपए लागत से रतलाम-मोरवनी-उमर-रावटी मार्ग, एक करोड रुपए लागत से बरखेड़ा से रूपापाड़ा पहुंच मार्ग, 1.39 करोड रुपए लागत से कोटडा से मोतिया-कोटडा मार्ग, 2 करोड रुपए लागत से तंबोलिया से उमरबटा पहुंच मार्ग, 2.05 करोड रुपए लागत से बागरियो की खेड़ी-गोवर्धनपुरा मार्ग, 1.30 करोड रुपए लागत से रामगढ़ से नारायणगढ़ मार्ग तथा 4.68 करोड रुपए लागत से सैलाना-शिवगढ़ मार्ग से अडवानिया मार्ग उन्नयन कार्य पूर्ण किया गया है।

कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह ने बताया कि जिले का लोक निर्माण विभाग 1 वर्ष से एक ग्रेट श्रेणी में होकर प्रदेश के जिलों में प्रथम पांच में स्थान प्राप्त करता रहा है। विभाग के लोकपथ एप के माध्यम से प्राप्त गड्ढो की मरम्मत का कार्य भी समय सीमा में किया जा रहा है सड़कों को वर्ष भर गड्ढामुक्त रखा गया है।

## रोटरी क्लब रतलाम प्राइम ने हैप्पी स्कूल योजना के तहत जिला शिक्षा अधिकारी को भेंट की सामग्री



**रतलाम।** साक्षरता मिशन अभियान के तहत रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 रोटरी क्लब प्राइम ने अपने सेवा कार्यों की कड़ी में धर्मेंद्र सिंह - डी.पी.सी. ज़िला शिक्षा केंद्र को 200 पुस्तके प्रदान की गई जिसमे बच्चों को कैसे पढाया और समझाया जाये - नई तकनीक के माध्यमों से शिक्षकों की जानकारी के उद्देश्य से यह किताबें प्रदान की गई। शिक्षकों के लिए ही रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के माध्यम से हर जिले में यह पुस्तक प्रदान की जा रही हैं। ज़िला शिक्षा केंद्र हाथीखाना में शिक्षा अधिकारी डीपीसी धर्मेन्द्र सिंह इस अवसर पर कहा की रोटरी की यह पहल काफी सराहनीय है और निश्चित ही शिक्षकों को इससे काफी लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर रोटरी के पूर्व प्रेसिडेंट प्रीतेश गादिया, मनोज उपाध्याय, सौरभ नाहर, नवदीप मूणत मौजूद रहे। हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन सौरभ छाजेड़ एवं अध्यक्ष कीर्ति बडज़ात्या ने बताया कि रोटरी आगे भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखेगी जिससे कि आमजन को सुविधा प्राप्त हो एवं शिक्षा के क्षेत्र में रतलाम और आगे बढ़ सकें।

## रतलाम पुलिस द्वारा कांबिंग गश्त कर, गुंडे बदमाशों व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध की प्रभावी कार्यवाही



**रतलाम।** जिले में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुक्रम में, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की अगुवाई में, जिले के सभी अनुभागों में सीएसपी/एसडीओपी के नेतृत्व में 18-19 दिसंबर की दरमियानी रात से सुबह तक रतलाम जिले के सभी अनुभागों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, सीएसपी जावरा दुर्गेश आमों, एसडीओपी जावरा शक्ति सिंह चौहान, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट श्रीमति शाबेरा अंसारी के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारी एवं थाने के पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान संबंधित सीएसपी/एसडीओपी द्वारा बल की ब्रीफिंग कर कॉम्बिंग गस्त हेतु रवाना किया गया। जिले भर की कार्यवाही में असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित लंबे समय से फरार- 25 स्थाई वारंटियों, 110-गिरफ्तारी वारंट तामील करवाए गए। पुलिस टीम द्वारा 170 से अधिक हिस्ट्री शीटर, गुंडा बदमाशों को चेक किया गया। इस दौरान पकड़े गए बदमाशों को अपराध ना करने की हिदायत देते हुए उनसे डोजियर भी भरवाए गए हैं। पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# चाकूबाजी घटना में शामिल एक और बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रतलाम।** मालीकुआ क्षेत्र मे भोला उर्फ मोनू पाटीदार अपने साथियों के साथ मोबाईल चलाते हुए बीच सड़क पर कार चला रहा था। जिसे साईड मे चलाने की बात को लेकर विवाद करते हुए आरोपीगणो भोला पाटीदार एवं उसके साथीयो भय्यू उर्फ हितेश, पवन उर्फ काला, तथा अन्य द्वारा फरियादी एवं उसके साथीयो के साथ चाकू से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहूंचाई गयी थी। फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था ।




पुलिस ने घटना की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा चाकूबाजी करने वाले आरोपियों पर कड़ी वैधानिक कारवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए। अति. पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा व नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरीया के मार्गदर्शन में थाना माणकचौक रतलाम के थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह गाडरिया के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी। आदतन बदमाश भोला उर्फ मोनु पाटीदार द्वारा रतलाम विरुद्ध एन.एस.ए की कार्यवाही कर जेल भेजा गया। चाकूबाजी की घटना में शामिल भोला के अन्य साथियों की तलाश करते हितेश उर्फ भय्यु पिता सीताराम साहु निवासी राजीव नगर रतलाम थाना औ.क्षेत्र रतलाम को गिरफ्तार किया गया। शेष आरोपी पवन उर्फ काला नि.हरीजन बस्ती रतलाम थाना माणकचौक रतलाम की तलाश जारी है। सरहानीय भूमिका = निरी.सुरेन्द्रसिंह गाडरिया थाना प्रभारी, कार्य.उनि ए.पी. सिंह, उनि प्रविण वास्कले, सउनि शिवनाथ सिंह राठौर, सउनि.छोटेलाल यादव, प्रआर.373 नारायंण सिंह, प्रआर. 416 दिलीपसिंह रावत, प्रआर. 641 विकास बोरासी, आर. 68 चन्दरमार्को, आर.156 अरिओम अकोदिया, आर. 875 रणवीर सिंह, आर. 319 गोविंद गेहलोद, प्रआर.813 अमीचंद सिगारे, माणकचौक रतलाम।







ज़ोयो चौराहे से लेकर भूतेड़ा तक बनेंगे 7 फ्लायओव्हर,

# बाकी ग्राउण्ड लेवल पर बनेगा फोरलेन, समिति वाले बोले सड़क का हो जाएगा सत्यानाश

## तीन दिन का समय दिया था, गुरुवार को पहुंचे एमपीआरडीसी के संभागीय अधिकारी, दी समिति सदस्यों को सड़क की जानकारी

**जावरा।** उज्जैन से जावरा तक प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे पर होटल ज़ोयो चौराहे से भुतेड़ा एक्सप्रेस वे तक बनाने वाली सड़क को लेकर गुरुवार को एमपीआरडीसी के संभागीय अधिकारियों ने धरना प्रदर्शन कर रही जन संघर्ष समिति के समक्ष जानकारी रखी, जिसमें उन्होने बताया कि उज्जैन से लेकर भूतेड़ा एक्सप्रेस वे तक ही ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनेगा, भूतेड़ा से लेकर जोयो तक ग्राउण्ड लेवल पर बनेगा फोरलेन, लेकिन इस हिस्से में पड़ने वाले सात इंटरचेज पर 7 फ्लाय ओव्हर बनेंगे। बाकी सड़क नीचे ही बनेगी। प्रोजेक्ट को लेकर धारा 11 के तहत अधिसूचना जारी हो चुकी हैं, यदि किसी को कोई आपत्ती हैं, तो अधिसूचना जारी होने के बाद आपत्ती दर्ज करने हेतु 60 दिन का समय रहता हैं, उसमें अपनी लिखित आपत्ती दर्ज करवाने की बात अधिकारियों ने कहीं। अधिकारियों की बात सुनने के बाद जन संघर्ष समिति सदस्यों और अधिकारियों के बीच तिखी नोकझोक हो गई। समिति सदस्य बोले ऐसे तो सड़क का पुरा सत्यानाश हो जाएगा। बात इतनी बढ़ी कि कुछ सदस्यों को अधिकारियों की गाड़ी के आगे ही लेटना पड़ा। विवाद बढ़ता देख अधिकारी अपनी अपनी गाड़ियों में बैठकर उल्टे पांव लोट गए। जिसके बाद अब समिति सदस्यों ने आंदोलन को आगे भी जारी रखने की बात कहते हुए उग्र आंदोलन के साथ ही सीएम के घेराव की रणनीति बनाने की योजना तैयार की जा रही हैं।

होटल ज़ोयो से लेकर भूतेड़ा तक बनने वाले फ्लाय ओव्हर का विरोध तथा इस मार्ग पर व्यापार को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए जनसंघर्ष समिति लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। इसी कड़ी में बीते तीन दिन से होटल ज़ोयो चौराहे पर जनसंघर्ष समिति का धरना लगातार जारी हैं। समिति ने एमपीआरडीसी को सड़क से संबंधित सभी जानकारी देने के लिए तीन दिन का समय दिया था। जिसके बाद गुरुवार को दोपहर में एमपीआरडीसी के संभागीय अधिकारी सुरेश मनवानी, एसडीएम त्रिलोचन गौड़, तहसीलदार संदीप इवने, पटवारी पंकज राठौर, नवीन शर्मा आदि धरना स्थल पर पहुंचे और समिति सदस्यों को सड़क निर्माण को लेकर जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद संघर्ष समिति के डीपी धाकड़, असलम मेव तथा धरने को समर्थन देने पहुंचे पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद युसूफ कड़पा और अधिकारियों के बीच अधिकारियों के बीच तिखी बहस चालु हो गई। जिसके बाद अधिकारी उल्टे पैर लोट गए।

### अब होगा उग्र आंदोलन

जन संघर्ष समिति के डीपी धाकड़, असलम मेव आदि ने बताया कि एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने जानकारी दी हैं, उसके अनुसार सात फ्लाय ओव्हर बनेंगे, साईडों में सर्विस रोड़ बनेगी, जिससे दुकानों को नुकसान होगा। जब प्रोजेक्ट पुरा ही नया हैं तो इसका स्थान परिवर्तन किया जा सकता हैं, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा हैं। एमपीआरडीसी ने धारा 11 के तहत अधिसूचना का प्रकाशन भी कर दिया हैं, ऐसे में अब प्रोजेक्ट में परिवर्तन करना अधिकारियों के बस में नहीं हैं, अब केवल इस मामले में सीएम लेवल से ही कुछ काम हो सकता हैं। ऐसे में अब समिति अपना धरना निरंतर जारी रखेगी, जिसमें शहर की जनता से समर्थन मांगा जाएगा, आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। वहीं अब सीएम का घेराव कर अपनी बात उन तक रखी जाएगी।

### कड़पा बोले अब कहां बसाऐंगे इन्है

धरने के चौथे दिन समर्थन देने पहुंचे पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद युसूफ कड़पा ने अधिकारियों से कहा कि पहले ही बड़ी मुश्किल से इस रोड़ पर व्यापार व्यवसाय जमा हैं, अब यदि सात ओव्हरब्रिज के साथ सड़क बनेगी तो यहां का व्यापार पुरी तरह से खत्म हो जाएगा, तो अब इन्है कहां ले जाकर बसाएंगे। जिन लोगों की जमीन प्रभावित हो रही हैं, उनके रोजगार के लिए आप कहां जमीन दे रहे हैं, इन्है कहां बसा रहे हैं, इसका खुलासा भी करें।

### एसडीएम बोले लिखित आपत्ती दर्ज करें

अधिकारियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम त्रिलोचन गौड ने समिति सदस्यों से कहा कि आपके आवेदन पर एमपीआरडीसी के अधिकारियों को आपके समक्ष बुलवा लिया गया हैं, आपको सड़क संबंधी जानकारी भी मिल गई हैं, धारा 11 के तहत 22 और 30 नवंबर को अधिसूचना जारी की जा चुकी हैं, जिसके तहत अभी आपत्ती दर्ज करने का समय हैं, आपको जो भी आपत्ती हैं, वह लिखित में दर्ज करें और धरने को समाप्त कर दें।

# एसपी के आदेश के बाद ट्रैफिक इंचार्ज ने जांची ब्लैक स्पॉट चौराहे की सुरक्षा व्यवस्था

**जावरा।** यातायात प्रभारी सोनु वाजपेयी ने आज फोरलेन सड़क के भीमाखेड़ी चौराहा का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली, उन्होंने दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में एमपीआरडीसी द्वारा यहां किए गए विभिन्न कार्यों को संतोषजनक पाया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने इस चौराहे का अवलोकन करने के बाद यहां पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जाने हेतु ट्रैफिक प्रभारी सोनु वाजपेयी को निर्देशित किया था। इस दौरान एसपी ने महू-नीमच मार्ग फोरलेन का उक्त चौराहा ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित होकर पूर्व में यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक कुमार के निर्देश के बाद एमपीआरडीसी के जिम्मेदारों को ताकीद कर ट्रैफिक पुलिस ने जल्द से जल्द चौराहे पर रंग-रोगन, लाइटिंग, साइन बोर्ड के साथ ही अन्य जरूरी कार्य करने को कहा था।



### दोपहर में किया निरीक्षण

इसकी जांच करने गुरुवार को दोपहर करीबन 12.30 बजे ट्रैफिक इंचार्ज सोनु वाजपेयी भीमाखेड़ी चौराहा पहुंची और व्यवस्था परखी। इस दौरान एमपीआरडीसी के रोड़ मेंटेनेंस इंजीनियर मुकेश भोयटे ने उन्हें बताया कि सड़क की मरम्मत के बाद यहां दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। जिन पर रंग रोगन भी किया जा चुका है। भोयटे ने ट्रैफिक पुलिस को बताया कि चौराहे के आसपास रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। वहीं इसी चौराहे पर बार मार्किंग की गई तथा साइन बोर्ड लगाए गए। साथ ही रोड पर सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक कार्य किए गए।

### लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

निरीक्षण के बाद यातायात प्रभारी सोनु वाजपेयी ने बताया कि भीमाखेड़ी चौराहा ब्लैक स्पॉट की श्रेणी में होने से यहां सुरक्षा इंतजाम बेहद जरूरी है। लिहाजा एमपीआरडीसी के जवाबदारों को तत्काल व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं को रोकने हेतु इस चौराहे पर रेडियम वाले रिफ्लेक्टर लगवाए गए। वाहन चालकों की सुविधा के लिए संकेतक भी लगे हैं। चौराहे पर डिवाइडर के अलावा ब्लिंकिंग लाइट व वॉच टॉवर भी लगाए जाना प्रस्तावित है। इस सम्बंध में रोड डेवलपमेंट कम्पनी से चर्चा की गई। ट्रैफिक इंचार्ज के अनुसार नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

# वृहद स्तर पर होगा आवरा कुत्तों का बधियाकरण



**जावरा।** आवारा पशु जन्म नियंत्रण एवं पशु रजिस्ट्रीकरण के संबंध में स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी गठित समिति की बैठक गुरुवार को नगर पालिका सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में आवारा कुत्तों के बधियाकरण वृहद्ध स्तर पर किए जाने हेतु कार्यादेश जारी करने एवं नगर सीमा क्षेत्र में बाहर से आवारा कुत्तों को छोड़े जाने की सूचना अनुसार पुलिस विभाग एवं निकाय के दरोगा/मेट को सतत निगरानी हेतु पत्र प्रेषित करने हेतु सुझाव दिए गए। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी शुभम सोनी सहायक यंत्री, सदस्य डॉ एस.एल. खराड़ी खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिविल हॉस्पिटल जावरा, सदस्य डॉ पी.एस. कुशवाह, सीनियर वेटनरी सर्जन पशुपालन विभाग जावरा, सदस्य डॉ अजय कुमार उपाध्याय, ए.वी.एफ.ओ. पशुपालन विभाग जावरा, समिति में है। बैठक में नगर पालिका के कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, स्वास्थ्य समिति चेयरमेन यास्मीन इमरान कबाड़ी, राजस्व चेयरमेन लोकेश विजवा, नपा पार्षद रजत सोनी, पार्षद प्रतिनिधि विनोद औरा, स्वच्छता निरीक्षक लोकेश कुमार विजय, पटवारी पंकज राठौर, नपा स्वास्थ्य लिपिक दशरथ चौहान मौजूद रहे।

## जिसे सुशासन सप्ताह के रूप में मनाएंगे प्रशासन गांव की ओर अभियान

**बड़वानी।** सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के आदेशानुसार 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर जिसे सुशासन सप्ताह मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। कलेक्टर डॉ राहुल फटिंग ने प्रशासन गांव की ओर गुड गवर्नेंस सप्ताह मनाए जाने के लिए जिला पंचायत सीईओ काजल जावला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इस सप्ताह के तहत मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत लगने वाले शिविरों के दौरान कोई भी ग्रामीण न सिर्फ शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए शिविर में आ सकता है, बल्कि वह अपनी समस्याओं के निराकरण से संबंधित आवेदन भी दे सकता है। कलेक्टर डॉ राहुल फ टिंग ने शिविरों के लिए नियुक्त समस्त नोडल अधिकारियों को नवाचार के रूपप में यह अपनाते हुए निर्देशित किया है कि वे सीएम हैल्प लाईन, सीपी ग्राम पोर्टल एवं जनसुनवाई में दर्ज शिकायतों के हितग्राहियों को शिविर में बुलाकर उनकी समस्याओं के निराकरण का भी विशेष रूप से प्रयास कर सुशासन सप्ताह को सफल बनाए।

# पोरवाल महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन 22 दिसंबर को कोटा में

**जावरा।** अखिल भारतीय पोरवाल महासंघ रजि. दिल्ली का 76 वां राष्ट्रीय अधिवेशन अ.भा. पद्मावती पोरवाल महासभा कोटा राज. के सौजन्य से आगामी 22 दिसंबर 2024 रविवार को कोटा राज. में आयोजित होगा। जो कि अ.भा. पोरवाल महासंघ के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता (उ.प्र.) की अध्यक्षता में संपन्न होगा।

अ.भा. पोरवाल महासंघ रजि. दिल्ली के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अशोक सेठिया एवं पत्रिका सम्पादक मण्डल सदस्य राजेश धनोतिया, जावरा ने बताया कि इस 76 वें अधिवेशन में पोरवाल महासंघ से संबंद्ध सभी 6 महासभाओं अखिल भारतीय पुरवार-पोरवाल महासभा उ.प्र. दिल्ली, अखिल भारतीय पोरवाल महासभा कोटा राजस्थान, अखिल भारतीय जांगड़ा पोरवाल महासभा शामगढ़, अखिल भारतीय पुरवाल वैश्य महासभा नई दिल्ली, अखिल भारतीय गंगराड़े पद्मावती पोरवाल महासभा खंडवा व अखिल भारतीय दषा वैष्णव पोरवाल महासभा कुक्षी के सदस्य व पदाधिकारी सम्पूर्ण देशभर से सहभागिता करेंगे।

इस अवसर पर महासंघ के चक्रीय क्रम के अनुसार महासंघ के चुनाव एवं शपथ विधि कार्यक्रम भी संपन्न होगा। विशेष अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, सांसद सुधीर गुप्ता को आमंत्रित किया गया। महासंघ की 2024 स्मारिका का विमोचन एवं समाजरत्न इतिहासकार मनोहरलाल पोरवाल जावरा स्मृति सम्मान सन् 2021 एवं 2022 का श्रेष्ठीजन को प्रदान करेंगे। पोरवाल महासंघ के इस अधिवेशन में जांगड़ा पोरवाल महासभा के सभी सदस्यगण अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्टीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल नीमच, राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल सेठिया मंदसौर, संरक्षक मुकेश गुप्ता नाहरगढ़ सहित सदस्यों ने इस सम्मेलन में भाग लेने की अपील की।

# महाभारत मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है, डर लगता है कहीं कोई गलती ना हो जाए



किरण राव के डायरेक्शन में बनी लापता लेडीज को जबसे ऑस्कर अवॉर्ड्स में ऑफिशियल एंट्री मिली है, तबसे फिल्म के प्रोड्यूसर और एक्टर आमिर खान भी बहुत सक्रिय हो गए हैं। आमिर ने अपनी फिल्म के लिए ऑस्कर कैम्पेन की शुरुआत की है और इसके प्रमोशन में जुट गए हैं। एक साक्षात्कार में आमिर ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत को स्क्रीन पर लाने का काम उन्होंने कुछ समय पहले शुरू किया था। आमिर ने बताया कि वह अपने ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम करने से क्यों डर रहे हैं। आमिर पिछले कई सालों से महाभारत को पूरे ग्रैंड स्केल के साथ स्क्रीन पर लाना चाहते हैं। रिपोर्ट्स में सामने आया था कि उन्होंने लंबे समय तक इस प्रोजेक्ट की तैयारी और रिसर्च करने के बाद इससे पीछे हटने का फैसला लिया था। अब आमिर ने अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि ये मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है और ये बहुत डरावना प्रोजेक्ट है। ये बहुत विशाल है और मुझे डर लगता है कि इसे बनाने में मुझसे कोई गलती ना हो जाए।

ये एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि भारतीय होने के नाते ये हमारे बहुत करीब है, ये हमारे खून में है। इसलिए मैं इसे एकदम सटीक तरीके से बनाना चाहता हूं। मैं हर भारतीय को गर्व महसूस करवाना चाहता हूं। मैं दुनिया को यह दिखाना चाहता हूं कि भारत के पास क्या है। मुझे नहीं पता ये कब बनेगी, लेकिन ये ऐसा प्रोजेक्ट है जिसके लिए मैं काम करना चाहता हूं।

# डिजिटल खतरे के जाल में उलझी कहानी स्वाइप क्राइम...



स्वाइप क्राइम सीरीज़ का दिलचस्प ट्रेलर ज्ञानशक्ति यूनिवर्सिटी के जीवंत लेकिन खतरनाक गलियारों की झलक को पेश करता है, जहाँ विभिन्न पृष्ठभूमियों के छात्र विश्वासघात, महत्वाकांक्षा और डिजिटल खतरे के जाल में उलझ जाते हैं। इस सीरीज़ में ऋषभ चड्ढा, मुग्धा अग्रवाल, संयम शर्मा, रिया दीपसी, फैसल मलिक और राजेश शर्मा जैसे कलाकारों की टीम है। ट्रेलर दर्शकों को छात्रों के एक घनिष्ठ समूह से परिचित कराता है, जिसमें तकनीकी रूप से दक्ष पहले वर्ष के छात्र विधान, ब्रायन और रौनक के साथ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सिमरन और महिमा शामिल हैं। मस्ती, शरारतों, दोस्ती और हैकाथॉन से भरी यह यात्रा जल्द ही धोखे के भूलभुलैया में तब्दील हो जाती है, जब एक ऑनलाइन स्कैम के चलते उनके सीनियर मलिक की दुखद आत्महत्या से कैंपस में सनसनी फैल जाती है। दुख और दृढ़ संकल्प से प्रेरित विक्की स्कैमर का पर्दाफाश करने के लिए एक खतरनाक मिशन पद्ध निकलता है, जबकि विधान और उसके दोस्त अपने ऐप प्रोजेक्ट पर काम करते हुए अनजाने में उसी अपराधी नेटवर्क में फंस जाते हैं।

# मेलबर्न एयरपोर्ट पर पहुंचने पर कोहली ने अपना आपा खोया



**मेलबर्न (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले मेलबर्न एयरपोर्ट पर पहुंचने पर कथित तौर पर मीडियाकर्मी पर गुस्सा जाहिर किया। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट गाबा में बिना किसी नतीजे के खत्म होने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय टीमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर सीरीज के चौथे टेस्ट के लिए मेलबर्न में अपने अगले मुकाबले के लिए रवाना हो गईं। मेलबर्न एयरपोर्ट पर पहुंचने पर कोहली की एक पत्रकार के साथ तीखी नोकझोंक हुई, क्योंकि वह अपने परिवार पर कैमरों की मौजूदगी से परेशान दिखाई दिए।सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार, रिपोर्टर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का इंटरव्यू ले रहे थे, तभी विराट कोहली और उनका परिवार पास में ही दिखाई दिया। कैमरों का ध्यान कोहली पर गया, जो अपने परिवार को सार्वजनिक स्थान पर फिल्माए जाने से नाखुश दिखाई दिए और एक रिपोर्टर के साथ तीखी नोकझोंक में उलझ गए। चैनल 7 के एक रिपोर्टर ने स्थिति पर और प्रकाश डाला। 7न्यूज पर उन्होंने कहा, जब कोहली कैमरों को देखकर थोड़ा गुस्से में आ गए, तो उन्हें लगा कि मीडिया उन्हें उनके बच्चों के साथ फिल्मा रहा है। यह एक गलतफहमी है। 7न्यूज के अनुसार, कोहली ने अपनी स्थिति स्पष्ट की।

# हेजलवुड की चोट उनके टेस्ट भविष्य को 'चुनने' का मौका:फिंच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने सुझाव दिया है कि जोश हेजलवुड की हाल ही में हुई पिंडली की चोट, जिसके कारण बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में उनका समय समाप्त हो गया, ऑस्ट्रेलिया को भविष्य में उनके द्वारा खेले जाने वाले टेस्ट मैचों को चुनने का मौका देती है।



हेजलवुड के साथ वह अधिक से अधिक नियमित रूप से चोटिल हो रहे हैं, इसलिए यह एक वास्तविक चिंता का विषय होगा। मुझे लगता है कि भविष्य में उनके द्वारा खेले जाने वाले मैचों को चुनने का भी अवसर है। फिंच ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट शो में कहा, हर कोई जानता है कि वह ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ तीन गेंदबाजों में से एक है, या नाथन लियोन को शामिल करके सर्वश्रेष्ठ चार में से एक है, लेकिन आपको मैदान पर उसकी ज़रूरत है... (इसलिए, ऑस्ट्रेलिया को इस पर विचार करना होगा) जोश हेज़लवुड के लिए सबसे अच्छी परिस्थितियों का चयन करना होगा ताकि वह प्रभाव डाल सके और बाकी को उसी के अनुसार घुमाए।

# भारत अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा; पाकिस्तान को भी मिली पारस्परिक व्यवस्था

**दुबई (एजेंसी)।**

अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर गतिरोध आखिरकार गुरुवार को समाप्त हो गया, जब आईसीसी ने घोषणा की कि भारत 50 ओवर के इस टूर्नामेंट के अपने मैच मेजबान देश पाकिस्तान के बजाय तटस्थ स्थल पर खेलेगा।



जिसे 2027 तक भारत में होने वाले टूर्नामेंटों के लिए इसी तरह की व्यवस्था मिलेगी। यह समझौता 2028 में होने वाले महिला टी20 विश्व कप पर भी लागू होगा, जिसका आयोजन पाकिस्तान में होगा। हालांकि कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन भारत के चैंपियंस ट्रॉफी मैच यूएई में होने की संभावना है। ICC ने एक बयान में कहा, द्धष्टष्ट बोर्ड ने मंजूरी दे दी है कि 2024 से 2027 तक मौजूदा अधिकार चक्र के दौरान द्धष्टष्ट इवेंट्स में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले सभी मैच (जो भारत या पाकिस्तान में आयोजित किए जाने हैं) टूर्नामेंट के मेजबान द्वारा प्रस्तावित तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। यह व्यवस्था अगले साल भारत में होने वाले महिला विश्व कप और 2026 में भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले ञ्20 विश्व कप को भी कवर करेगी। भारत ने सुरक्षा चिंताओं के कारण फरवरी-मार्च में होने वाले कार्यक्रम के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान में नहीं खेली है, जिसमें 150 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच आखिरी द्विपक्षीय मुकाबला 2012 में हुआ था। पाकिस्तान की यात्रा करने के लिए भी भारत सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होती है, जो यथास्थिति पर अड़ी हुई है। ICC ने कहा, द्धष्टष्ट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के कार्यक्रम की जल्द ही पुष्टि की जाएगी। जय शाह ने 1 दिसंबर को कार्यभार संभाला और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, बीसीसीआई और प्रसारकों सहित सभी हितधारकों के पास 50 ओवर के आयोजन के लिए समय कम होता जा रहा था, जो आखिरी बार 2017 में यूके में खेला गया था। जबकि बीसीसीआई का रुख हमेशा स्पष्ट था, लेकिन पीसीबी द्वारा तटस्थ स्थानों की एकतरफा व्यवस्था की अनुमति देने से इनकार करने के कारण मामला लंबा खिंच गया।



# मायोट में चक्रवाती तूफान ने मचाई तबाही, हर तरफ नजर आ रहे शव

## सैकड़ों लोगों की मौत, हजारों हुए बेघर, राहत और बचाव कार्य जारी

**मायोट (एजेंसी)।** फ्रांसीसी आइलैंड मायोट में चक्रवाती तूफान चिडो ने भारी तबाही मचाई है। 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं ने पूरे द्वीप को बर्बाद कर दिया है। इस भीषण आपदा में सैकड़ों लोगों अपनी जान गवां चुके हैं, जबकि हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि चिडो तूफान ने मायोट में 90 साल का सबसे बड़ा संकट पैदा किया है। पूरा द्वीप पर शव बिखरे पड़े हैं और वहां दुर्गंध और तबाही का मंजर नजर आ रहा है। राहत और बचाव कार्य जारी है, लेकिन प्रभावित इलाकों में नुकसान का सही पता नहीं चल पाया है। तूफान चिडो का प्रभाव मोजाम्बिक में दिखा जहां 35 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और व्यापक तबाही हुई। वैज्ञानिकों ने इसे जलवायु परिवर्तन का नतीजा बताया है, जो भविष्य में और खतरनाक हो सकता है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण महासागरों का तापमान बढ़ रहा है, जिससे तूफानों की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि चिडो जैसे तूफान आने वाले समय में और भी विनाशकारी हो सकते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक प्री-इंडस्ट्रियल एरा की तुलना में वैश्विक तापमान करीब 1.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। गर्म महासागर अधिक वाष्पीकरण और गर्म हवा अधिक जलवाष्प धारण करती है, जिससे चक्रवात की तीव्रता और गति बढ़ जाती है। चिडो जैसे तूफान अब पहले से ज्यादा तेजी से विकसित होते हैं और उनका रुख भी अनपेक्षित दिशाओं में बदल जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि हाल के दशकों में साइक्लोन की गति पांच किलोमीटर प्रति सेकंड तक बढ़ गई है। चिडो की वजह से मची तबाही ने वैश्विक चिंता बढ़ा दी है। तूफान चिडो से मिली चेतावनी बताती है कि जलवायु परिवर्तन पर तुरंत प्रभावी कदम उठाए बिना ऐसी आपदाएं और घातक होती जाएंगी। मायोट और मोजाम्बिक में इस भीषण संकट ने यह साफ कर दिया है कि ग्लोबल वॉर्मिंग का असर अब कहीं ज्यादा घातक रूप ले चुका है।

# महाकुंभ में लोगों के ठहराने के लिए सरकार घरों को बना रही होम स्टे

## श्रद्धालुओं को मिलेगा घर जैसा पारंपरिक खाना और परिवार जैसा अनुभव

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए यूपी सरकार पूरी तरह से जुटी है। इस बार कुंभ में उम्मीद से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में श्रद्धालुओं को ठहराना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए सरकार ने कई उपाय किए हैं, जिनमें स्थानीय घरों को होम स्टे में बदलने की योजना तैयार की जा रही है। अब तक 26 घरों को होम स्टे बनाया गया है, और 36 अन्य घरों को होम स्टे में तब्दील करने के लिए आवेदन आए हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक होम स्टे में श्रद्धालुओं को घर जैसा माहौल मिलेगा, जिसमें वे पारंपरिक खाना और परिवार जैसा अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इन घरों में कम से कम दो और अधिकतम पांच कमरे होने चाहिए। साथ ही आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और खाने की व्यवस्था मकान मालिकों को ही करनी होगी। इन होम स्टे की जानकारी और बुकिंग महाकुंभ मेला और यूपी पर्यटन की वेबसाइट



पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा टेंट सिटी और होटलों में ठहरने की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है। प्रयागराज के सभी छोटे-बड़े होटलों और गेस्ट हाउस की क्षमता का आकलन किया जा रहा है। होटल संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह श्रद्धालुओं से ज्यादा किराया न वसूलें। इसके अलावा कई हैरिटेज प्रॉपर्टीज को भी ठहरने की सुविधा में तब्दील किया जा रहा है। सरकार आगजनी और अन्य संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों पर भी जोर दे रही है। सभी आवासीय और अस्थायी ठिकानों पर आग से बचाव के इंतजाम किए जा रहे हैं। पर्यटन विभाग की रीजनल ऑफिसर ने बताया कि श्रद्धालुओं को ठहराने की व्यवस्था करना महाकुंभ की सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए टेंट सिटी, होम स्टे, होटल और गेस्ट हाउस जैसी सुविधाओं को सक्रिय रूप से तैयार किया जा रहा है। महाकुंभ 2025 के लिए सरकार का यह मेगा प्लान न केवल इसे भव्य बनाएगा, बल्कि इसे श्रद्धालुओं के लिए सुखद और सुरक्षित अनुभव भी बनाएगा।

# ठंड में होने वाली बीमारियों से बचाता है अजवाइन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ठंड के मौसम में अजवानयन का उपयोग बढ जाता है। सर्दी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों की बात की जाए तो ये दोनों परेशानियां बैक्टीरिया और फंगल इन्फेक्शन के चलते होती हैं। ऐसे में अजवायन में मौजूद थाइमोल और कार्वाकोल नामक तत्व बेक्टीरिया और फंगल को फैलने से रोक सकते हैं। अजवायन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट ठंड के मौसम में कमजोर शरीर को अंदर से मजूबत बनाता है। इससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है और शरीर बाहरी बैक्टीरिया से लड़ने और उन्हें हराने में कामयाब होता है। अगर ठंड लग गई है और शरीर दर्द कर रहा है तो एक गिलास पानी में अजवायन को उबाल कर पीने से ठंड और शरीर के दर्द में राहत मिलती है। इतना ही नहीं अजवायन का काढ़ा (अजवायन, तुलसी के पत्ते, काली मिर्च और शहद से बना) बनाकर पीने से सर्दी खांसी में राहत मिलती है। अजवायन में मौजूद थाइमोल एंटीसेप्टिक और एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज से भरपूर होता है, इसलिए सामान्य फ्लू होने पर अजवायन का उपयोग करके राहत पाई जा सकती है।सर्दियों में हार्ट अटैक के मामले इसलिए बढ़ जाते हैं क्योंकि फिजिकल एक्टिविटी कम होने और तला भुना और भारी भोजन ज्यादा खाने के चलते कोलेस्ट्रोल हाई हो जाता है। ऐसे में अजवायन का सेवन बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल को कंट्रोल में रखने का काम करता है। अक्सर पीरियड्स के दिनों में पेट के निचले हिस्से और पीठ में दर्द बना रहता है और ऐसे में अजवायन के चूर्ण को गर्म पानी के साथ दिन में दो बार लेने पर दर्द में राहत मिलती है। अजवायन के सेवन से पेट में गैस नहीं बनती और ब्लोटिंग और पेट में दर्द से राहत मिलती है। पाचन तंत्र को बेहतर करना है तो अजवायन में काला काला नमक और सूखे अदरक (सौंठ पाउडर) मिलाकर चूर्ण तैयार करें और खाना खाने के बाद गर्म पानी से इसकी फंकी लेने पर आराम मिलता है। अजवायन के नियमित सेवन से अर्थराइटिस यानी गठिया की परेशानी में भी राहत मिलती है।

# राहुल पर एफआईआर, धक्का-मुक्की मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद परिसर में गुरुवार सुबह हुए धक्का-मुक्की कांड को लेकर अब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर एफआईआर कराई गई है। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत के घायल होने को लेकर पुलिस ने राहुल पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर भाजपा पर आरोप लगाते हुए अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत की है। इससे सियासत गरमा गई है।

संसद परिसर में सुबह हुए धक्का-मुककी कांड को लेकर ओडिशा के बालासोर से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिर गया। इस घटना में सारंगी के सिर में चोट लगने की बात कही गई है और उनके साथ ही फर्रुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत भी चोटिल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें धमकाने और संसद में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की और धक्का दिया। वहीं कांग्रेस नेताओं का दावा है कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी। मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेताओं ने भी भाजपा पर दुर्व्यवहार और धक्का-मुक्की का आरोप लगाया।

### राहुल के खिलाफ लगाई गईं धाराएं

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल गांधी के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया है। इन धाराओं में धारा 109– हत्या का प्रयास। धारा 115– चोट पहुंचाने के इरादे से काम करना। धारा 117– जान-बूझकर गंभीर चोट पहुंचाना। धारा 125– निजी सुरक्षा को खतरे में डालना। धारा 131– धक्का देना और डराना-धमकाना। धारा 351– धमकी देना। प्रमुख हैं।

### कांग्रेस का पलटवार

कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, राजीव शुक्ला, और प्रमोद तिवारी ने मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ बदसलूकी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने भाजपा पर संसद परिसर में गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com